राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर, भोपाल (म.प्र.)-४६२०३३
फोन : ०७५५-२७३४९१३, २६७८८९७
फैक्स : ०७५५-२७४२००६
ईपीएबीएस : ०७५५-२६७८८९१, २६७८८८१
ईमेल : registrarrgpv@gmail.com, ooregistrar@rgtu.net
वेबसाईट : www.rgpv.ac.in

RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA
(State Technological University of Madhya Pradesh)
Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal (M.P.) - 462033
Phone : 0755 - 2734913, 2678897
Fax : 0755 - 2742006
EPABX: 0755 - 2678891, 2678881
Email : registrarrgpv@gmail.com, ooregistrar@rgtu.net
Website : www.rgpv.ac.in

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

क्रमांकः रागाप्रौवि / परीक्षा नियंत्रक / 2025 / 3085

दिनांकः 01 / 10 / 2025

# संस्था स्तर पर ब्रांच परिवर्तन हेतु सूचना

बी.टेक पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) में ब्रांच /संकाय परिवर्तन के संबंध में सत्र 2025–26 मे मध्यप्रदेश के शासकीय, स्वशासी अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं स्ववित्तीय एवं निजी इंजीनियरिंग महाविद्यालयों /संस्थाओं (राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त महाविद्यालयों) में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के ब्रांच/संकाय परिवर्तन के इच्छुक अभियार्थियों हेतु दिशा निर्देश निम्नानुसार होगें:–

01. राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से संबंद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं में ब्रांच/संकाय/ परिवर्तन की कार्यवाही म.प्र. शासन तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, मंत्रालय के आदेश क्रमांक एफ14–14/2007 बयालीस (1) भोपाल दिनांक 08 जुलाई 2015 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुरूप तृतीय सेमेस्टर (द्वितीय वर्ष ) में जावेगी।
02. ब्रांच/संकाय परिवर्तन के लिये सक्षम प्राधिकारी **संबंधित संस्था के प्राचार्य** होंगे, जो विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व समस्त कार्यवाही सुनिश्चित करेंगें। रिक्त स्थानों की गणना अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई–दिल्ली एवं विश्वविद्यालय द्वारा जारी स्वीकृत प्रवेश क्षमता से की जावेगी। स्वीकृत प्रवेश क्षमता (अधिसंख्य सीटों को छोड़कर) से अधिक प्रवेश होने की स्थिति में ब्रांच/संकाय स्थानांतरण मान्य नही किये जावेगें।
03. ब्रांच/संकाय परिवर्तन का आधार अर्हकारी परीक्षा के सैद्वांतिक विषयों में प्राप्तांक होगें।
04. अधिसंख्य सीटों तथा लेटरल एंट्री की रिक्तियों पर एवं छात्र/छात्राओं के लिये ब्रांच/संकाय परिवर्तन की कार्यवाही नही की जावेगी।
05. शैक्षणिक सत्र 2025–26 की स्थिति में द्वितीय वर्ष के लिये विश्वविद्यालय द्वारा काउंसलिंग–2025 के लिये जारी प्रथम वर्ष की रिक्तियों/स्थानों के विरूद्ध ब्रांच/संकाय परिवर्तन की कार्यवाही **नही** की जावे।
06. ब्रांच/संकाय परिवर्तन हेतु संस्थाएं संस्था स्तर पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण कर ऑनलाइन निम्न लिंक पर जानकारी/प्रविष्टी निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत कर सकेंगें।
07. ब्रांच/संकाय परिवर्तन हेतु ऑनलाइन आवेदन विश्वविद्यालय के पोर्टल पर कालेज –लॉगिन पर उपलब्ध लिंक https:// www.rgpv.ac.in /Login /InstitutionsLogin.aspx के माध्यम से प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 13/10/2025 रहेगी।**
08. ब्रांच/संकाय परिवर्तन हेतु संस्था प्राचार्य द्वारा जारी किया गया सूचना –पत्र (छात्रों को), निर्धारित प्रारूप में रिक्त स्थानों की जानकारी, ब्रांच परिवर्तन की कार्यवाही विवरण (जिसमें नामांकन क्रमांक, छात्र का नाम, ब्राचं का उल्लेख के साथ) तथा ब्रान्च परिवर्तन आदेश की स्केन–प्रति पोर्टल पर अपलोड करें एवं उसकी मूल–प्रति अंतिम तिथि के पूर्व **परीक्षा नियंत्रक, परीक्षा विभाग कक्ष कमांक 333, राजीव गांधी प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय, गांधी नगर, भोपाल 462033** को प्रस्तुत करना अनिवार्य है। हार्डकापी के अभाव में कार्यवाही नही की जावेगी जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा।
09. ऑनलाइन आवेदन/ प्रविष्टी संस्थायें सावधानी पूर्वक भरें एवं समस्त आवश्यक जानकारियों की प्रविष्टी उपरांत उसका अच्छी तरह मिलान कर लेवे। अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण अथवा बिन्दु क्रमांक 6 में उल्लेखित जानकारी (सूचना पत्र, कार्यवाही विवरण, रिक्त स्थानों की जानकारी, ब्रान्च परिवर्तन में संस्था प्राचार्य का आदेश, ब्रांच परिवर्तन उपरान्त संस्थाओं में रिक्त सीटों की जानकारी) ऑफलाइन निर्धारित तिथि तक प्राप्त नही होने की स्थिति मे ब्रांच/संकाय परिवर्तन की कार्यवाही नही की जावेगी उसके लिये **संस्थायें स्वंय ही जिम्मेदार होंगें।**
10. ब्रांच /संकाय परिवर्तन हेतु प्रति छात्र रूपये **500/– शुल्क देय होगा**। जो कि ऑन लाइन जमा किया जावेगा।

**(माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन अनुसार)**

01/10/25
कुलसचिव
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल।

पृष्ठाकंन क्रमांकःएफ–5/शैक्षणिक/रागाप्रौवि/2025/3086

दिनांकः 01 / 10 / 2025

प्रतिलिपि

1. निज सहायक माननीय मंत्रीजी, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग,मंत्रालय भोपाल।
2. प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग मंत्रालय, भोपाल।
3. निजसचिव माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल।
4. आयुक्त, संचालनालय तकनीकी शिक्षा,सतपुडा भवन,भोपाल।
5. नियंत्रक (परीक्षा), राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल।
6. डॉ. शशिरंजन अकेला,समन्वयक (सांस्कृतिक–जन्सम्पर्क) राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल।
7. संचालक/प्राचार्य समस्त संबंद्ध संस्था/महाविद्यालय।

01/10/25
कुलसचिव
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल।